'यही एक पृथ्वी' विषय पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

5 जून, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 'यही एक पृथ्वी' विषय पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम से सभी ज़िले वर्चुअली जुड़े थे।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों को बिजली की खपत में 10 प्रतिशत की कमी करने के निर्देश दिये गए हैं, जिन शासकीय कार्यालयों में सौर ऊर्जा का उपयोग हो सकता है, वहाँ सोलर पैनल लगाए जाएंगे।
- साथ ही मुख्यमंत्री ने पर्यावरण-संरक्षण के लिये कार्यरत संस्थाओं एवं नागरिकों को सम्मानित किया और नर्मदा नदी के तट पर वृक्षारोपण की योजना संबंधित वन विभाग की पुस्तक 'नर्मदा नदी के जलग्रहण क्षेत्र का संरक्षण-वृक्षारोपण अभियान, 2022' का विमोचन भी किया गया।
- उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस को वृक्षारोपण संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरकंटक को रिज़र्व फॉरेस्ट घोषित किया जाएगा। पर्यावरण-संरक्षण की दृष्टि से संवेदनशील और नर्मदा के उद्गम-स्थल के आस-पास स्थानीय परिवेश के प्रतिकूल लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ों के स्थान पर परिवेश के अनुरूप उपयुक्त प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने पर्यावरण दिवस पर प्रदेश के नागरिकों को पाँच संकल्प दिलवाए, जिसमें वृक्षारोपण के लिये सक्रिय रहना, ऊर्जा संरक्षण के लिये बिजली बचाना, वाहनों का मितव्ययी उपयोग सुनिश्चित करने के लिये वाहन पूल करना, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को अपनाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र के अनुरूप ट्रिपल आर अर्थात रिफ्यूज, रियूज और रिसायकल का पालन शामिल है।
- मुख्यमंत्री ने पर्यावरण-संरक्षण के लिये हरियाली अमावस्या के दिन आम जनता से प्रत्येक ग्राम, पंचायत, विकास खंड, ज़िला मुख्यालय में वृक्षारोपण करने की अपील की।
- विदित है कि प्रदेश में वृक्षारोपण के लिये आरंभ किये गए अंकुर अभियान में अब तक प्रदेशवासियों द्वारा 16 लाख 50 हज़ार पौधे लगाए गए हैं।
- इस कार्यक्रम में पर्यावरण-संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिये वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के लिये भोपाल रेलवे स्टेशन, हाईडलबर्ग सीमेंट दमोह, इप्का लेबोरेट्रीज रतलाम, नीलम वेल्फेयर सोसायटी शहडोल, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, इंदौर, नगर परिषद पिपलिया मंडी मंदसौर और धार के ग्राम नवादपुरा के कमल पटेल को सम्मानित किया गया।
- नर्मदा नदी के संरक्षण के लिये वन विभाग द्वारा 24 ज़िलों के 33 वन मंडलों में बिगड़े वनों को अच्छे वनों में बदलने हेतु कुल 18 हज़ार 406 हेक्टेयर क्षेत्र में एक करोड़ 32 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-programme-on-the-theme-this-is-one-earth